Geared for life

**BHARAT GEARS LIMITED**
Regd. Office & Works :
20 K.M. Mathura Road, P.O. Box 328
P.O. Amar Nagar, Faridabad - 121003 (Haryana) INDIA
Tel. : +91 (129) 4288888, Fax : +91 (129) 4288822-23
E-mail : info@bglindia.com
Corporate Identity Number : L29130HR1971PLC034365

**BGL/SEC/NSE/3/AUGUST 2019-2020**

**BGL/SEC/BSE/2/AUGUST 2019-2020**

**August 30, 2019**

**The Manager (Listing)**
**National Stock Exchange of India Ltd**
"Exchange Plaza", 5th Floor,
Plot No. C-1, G - Block,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (E), Mumbai - 400051

**SYMBOL: BHARATGEAR**

**The Manager (Listing)**
**BSE Limited**
1st Floor, New Trading Ring,
Rotunda Building
PJ Towers, Dalal Street
Fort, Mumbai – 400001

**STOCKCODE: 505688**

**Sub: Published Notice for Loss of Share Certificate(s)**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to the Regulation 30 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations 2015 ("the Regulations"), please find enclosed herewith copy of the notice for loss of Share Certificate(s) published by the Company in the newspaper i.e. "Hari Bhoomi" (Hindi) on 30th August, 2019.

You are requested to take the same on your records.

Thanking you,

Yours faithfully,
For **Bharat Gears Limited**

**Kaushal Narula**
**Manager (Secretarial)**

FARIDABAD ★ BHARAT GEARS LIMITED ★

**Encl: As above**

Geared for life

# BHARAT GEARS LIMITED

Regd. Office & Works :
20 K.M. Mathura Road, P.O. Box 328
P.O. Amar Nagar, Faridabad - 121003 (Haryana) INDIA
Tel. : +91 (129) 4288888, Fax : +91 (129) 4288822-23
E-mail : info@bglindia.com
Corporate Identity Number : L29130HR1971PLC034365

**BGL/SEC/NSE/3/AUGUST 2019-2020**

**BGL/SEC/BSE/2/AUGUST 2019-2020**

**August 30, 2019**

**The Manager (Listing)**
**National Stock Exchange of India Ltd**
"Exchange Plaza", 5th Floor,
Plot No. C-1, G - Block,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (E), Mumbai - 400051

**SYMBOL: BHARATGEAR**

**The Manager (Listing)**
**BSE Limited**
1st Floor, New Trading Ring,
Rotunda Building
PJ Towers, Dalal Street
Fort, Mumbai – 400001

**STOCKCODE: 505688**

**Sub: <u>Published Notice for Loss of Share Certificate(s)</u>**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to the Regulation 30 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations 2015 ("the Regulations"), please find enclosed herewith copy of the notice for loss of Share Certificate(s) published by the Company in the newspaper i.e. "Hari Bhoomi" (Hindi) on 30th August, 2019.

You are requested to take the same on your records.

Thanking you,

Yours faithfully,
For **Bharat Gears Limited**

**Kaushal Narula**
**Manager (Secretarial)**

BHARAT GEARS LIMITED ★ FARIDABAD ★

**Encl: As above**

## खबर संक्षेप

### टाटानगर-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का हुआ उद्घाटन

**रांची।** मुख्यमंत्री शरघुवर दास एवं रेल राज्यमंत्री सुरेश सी. अंगडी ने रांची रेलवे स्टेशन से टाटानगर - रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस और हटिया-सांकी पैसेंजर का शुभारंभ किया। बरकाकाना- रांची परियोजना के अंतर्गत 31 किमी लम्बी टाटीसिल्वे- सांकी नई रेल लाइन का उद्घाटन भी किया। इस मौके पर सीएम दास ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी ने झारखंड की हर जरुरत का ख्याल रखा है। रेलवे से जुड़ी जो जरुरतें थीं वो तय समय सीमा में पूरी हो रही हैं। झारखण्ड की सवा तीन करोड़ जनता की ओर से पीएम का कोटि-कोटि धन्यवाद।

### मलबे में दबकर राजमिस्त्री की मौत, 4 मजदूर घायल

**प्रतापगढ़ (उप्र)।** जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर कुंडा कोतवाली के अंतर्गत आने वाले जमेठी महाजन का पुरवा गांव में बुधवार की शाम शौचालय के गड्ढ़े का निर्माण करते समय अचानक दीवार गिरने से मलबे में दबकर एक राजमिस्त्री की मौत हो गयी और चार मजदूर घायल हो गये। एएसपी (पश्चिमी) सुरेन्द्र प्रसाद ने गुरुवार को बताया कि जमेठी महाजन का पुरवा गांव में राजमिस्त्री राम बहादुर पटेल (65) व चार मजदूर शौचालय के गड्ढ़े में दीवार का निर्माण कर रहे थे।

### दीवार गिरने से महिला की मौत

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के कुरमी गांव में एक घर की दीवार गिरने से छब्बीस वर्षीया महिला की मौत हो गई। यह घटना उस वक्त हुई जब जब महिला अपने घर के कमरे में अकेले सोयी हुई थी, तभी मिट्टी की दीवार भरभरा कर उसपर गिर पड़ी। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज हेतु मेदिनीनगर के जिला अस्पताल में लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। महिला की पहचान बंधू चौधरी की पत्नी के रूप में की गई है।

## यूपी: मामले का वीडियो वायरल, डीएम ने खारिज किए आरोप

# दलित बच्चे स्कूल में खाते हैं अलग खाना, होगी जांच

एजेंसी ⏭ बलिया (उप्र)



जिले के एक प्राथमिक विद्यालय में मध्याह्न भोजन योजना के तहत दिए जाने वाले भोजन के दौरान कथित भेदभाव का मामला सामने आया है। घटना के सोशल मीडिया, टीवी चैनलों पर वायरल हुए वीडियो में दलित बच्चों के साथ खाना खाने को लेकर कथित भेदभाव नजर आ रहा है।

हालांकि डीएम भवानी सिंह खंगारौत ने आरोप को निराधार करार देते हुए मामले की गहराई से जांच के आदेश दिये हैं। वायरल वीडियो में बलिया नगर के रामपुर का प्राथमिक विद्यालय दिख रहा है, जहां सामान्य वर्ग के बच्चे दलित बच्चों के साथ भोजन नहीं करते, दलित बच्चे स्कूल से मिलने वाली थाली में भोजन नहीं करते। दलित बच्चे थाली अपने घर से लेकर आते हैं। वीडियो में मिडडे मिल का भोजन दलित बच्चे अलग बैठकर करते दिखाई दे रहे हैं। पिछड़ी जाति के बच्चों का कहना है कि वे थाली घर से लाते हैं। हालांकि स्कूल के प्रधानाध्यापक पुरुषोत्तम गुप्ता का कहना है कि थोड़ा बहुत भेदभाव बच्चे रखते हैं।

### विद्यायल पहुंचे डीएम

डीएम ने मामला सामने आने पर विद्यालय का गुरुवार को दौरा कर जांच की। उन्होंने दावा किया कि प्रथम दृष्टया दलित छात्रों के साथ भेदभाव का आरोप निराधार है, मामले की गहराई से जांच के आदेश दे दिये गये हैं।

- पिछड़ी जाति के बच्चे घर से लाते हैं थाली, स्कूल के बर्तन में नहीं करते भोजन
- स्कूल के प्रधानाध्यापक पुरुषोत्तम ने थोड़े भेदभाव की बात स्वीकारी

### जातिवादी भेदभाव के दोषियों पर कार्रवाई होः मायावती



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने यूपी के बलिया जिले में दलित स्कूली छात्रों को अलग बैठाकर भोजन कराने की खबर को अति निंदनीय करार दिया है। मायावती ने गुरुवार को ट्वीट किया कि उप्र के बलिया जिले के सरकारी स्कूल में दलित छात्रों को अलग बैठाकर भोजन कराने की खबर अति-दुःखद व अति-निंदनीय है। बसपा की मांग है कि ऐसे घिनौने जातिवादी भेदभाव के दोषियों पर राज्य सरकार तुरन्त सख्त कानूनी कार्रवाई करे ताकि दूसरों को इससे सबक मिले, इसकी पुनरावृति न हो। उल्लेखनीय है कि बलिया के रामपुर के प्राइमरी स्कूल में कुछ दलित बच्चों को अलग थाली में खाना देने की खबरों के बाद मायावती ने प्रतिक्रिया दी है।

### 'भ्रष्टाचार, अपराध, बेरोजगारी के 'त्रिदंश' का शिकार है उप्र'



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि उत्तर प्रदेश इस समय 'भ्रष्टाचार, अपराध और बेरोजगारी के त्रिदंश' का शिकार है। अखिलेश ने ट्वीट किया कि उप्र इस समय भ्रष्टाचार, अपराध व बेरोजगारी के त्रिदंश का शिकार है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद अर्थव्यवस्था के इस सबसे बुरे दौर में जब लोगों के हाथों में पैसा नहीं है, काम-कारोबार अपने निम्नतम स्तर पर है, ऐसे में भ्रष्टाचार और अपराध का भाजपाई संरक्षण एक बड़े जनाक्रोश को जन्म दे रहा है। उल्लेखनीय है कि कानून व्यवस्था, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर अखिलेश प्रदेश की भाजपा सरकार पर लगातार हमला बोलते आये हैं।

# आजम खान पर अब भैंस चोरी के आरोप में शिकायत दर्ज

एजेंसी ⏭ लखनऊ



समाजवादी पार्टी के सांसद आजम खान की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। यूपी के रामपुर से सांसद आजम खान पर अब भैंस चोरी का आरोप लगा है। उन पर रामपुर में एफआईआर दर्ज कराई गई है। सपा सांसद पर दो लोगों ने शिकायत दर्ज कराई है। एक शख्स ने दो भैंस, दूसरे ने एक भैंस चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले में आजम खान सहित 6 नामजद हैं। वहीं 20 से 30 अज्ञात लोगों पर धारा 504, 506, 427, 395, 448 और 492 के तहत केस दर्ज हुआ है। बताते चलें कि साल 2014 में खुद आजम की भैंसें चोरी हो गई थीं। ये मामला सुर्खियों में रहा था। लंबे समय तक मीडिया, राजनीतिक घरानों में चर्चा का केंद्र रहे मामले में पुलिस को पांच महीने बाद सफलता मिली थी। यूपी पुलिस ने भैंस चोर को ढूंढ निकाला था। उसे इटावा के बकेवर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

### आजम पर डकैती का भी मुकदमा दर्ज

**रामपुर।** किसानों की जमीन पर कब्जा करने के मामले के बाद भू-माफिया घोषित आजम खान के खिलाफ गुरुवार को डकैती का मुकदमा दर्ज कराया गया है। तीन वर्ष पहले के मामले में आजम खान के साथ पूर्व सीओ व आजम खान की जौहर विवि के सुरक्षा अधिकारी आले हसन को भी नामजद किया गया है। आजम की मुश्किलें दिन पर दिन बढ़ती ही जा रही है। आजम पर पुलिस ने अब डकैती का मुकदमा दर्ज कर लिया है। उनके खिलाफ 60 मुकदमे पहले से ही दर्ज हैं।

- तीन वर्ष पहले के मामले में पूर्व सीओ, जौहर विवि के सुरक्षा अधिकारी नामजद

### तथ्यों के आधार पर होगी कार्रवाई

एसपी डॉ. अजय पाल शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट जांच पड़ताल के बाद दर्ज की गई है। विवेचना में जो तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर कार्रवाई होगी।

### वारदात के दौरान मारपीट, महिलाओं के साथ हुई थी बदसलूकी

डकैती की रिपोर्ट शहर कोतवाली में घोसियान निवासी नन्हे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें कहा है कि 15 अक्टूबर 2016 को तत्कालीन सीओ सिटी आले हसन खां, एसओजी सिपाही धर्मेंद्र, ठेकेदार इस्लाम, वीरेंद्र गोयल, फसाहत अली खां शानू, उनके घर पर भारी पुलिस फोर्स के साथ आए व कहा कि यह जगह आजम ने ले ली है। यहां उनका स्कूल बनना है, फौरन जगह खाली कर दो, वर्ना फर्जी मुकदमे में जेल भेज दिए जाओगे। इसके बाद इन लोगों ने बुरी तरह मारा पीटा। महिलाओं के कपड़े फाड़ दिए। उनके घर में रखा सामान चार तोले सोने के जेवर व दो हजार रुपये भी लूट लिए। इसके बाद घर पर बुलडोजर चलवा दिया। वह बदहवास होकर थाने पहुंचा पर पुलिस वालों ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की व उसे धमकाकर थाने से भगा दिया। अब कोतवाली पुलिस ने उसकी तहरीर पर डकैती डालने, घर तोड़ने, गाली गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने आदि के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

### योगी ने बच्चों को दिलाई 'फिट' रहने की शपथ

**बलरामपुर।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बलरामपुर से 'फिट इंडिया आंदोलन' की शुरुआत की, तुलसीपुर में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को फिट रहने की शपथ दिलाई। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करने के बाद योगी ने हरी झंडी दिखाकर खिलाड़ियों को रवाना भी किया।

### खुशी का इजहार...



**रांची :** झारखंड की राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने रांची के सेंट जेवियर्स कॉलेज के 10 वें दीक्षांत समारोह के दौरान गुरुवार को छात्रों को पदक प्रदान किए, वहीं छात्राओं ने अपने स्वर्ण पदकों के साथ ग्रुप फोटो खिंचवाई।

### कश्मीरी लड़कियों को भगाकर रचाई शादी, बिहार के दो युवक अरेस्ट

**सुपौल।** बिहार के सुपौल जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र से जम्मू-कश्मीर से कथित तौर पर भगाकर लाई गईं दो सगी बहनों को कश्मीर पुलिस ने सुपौल पुलिस की मदद से बरामद किया है। मामले में दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार युवकों का कहना है कि उन्होंने लड़कियों से विवाह किया है।

पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि सुपौल जिले के रामविशुनपुर गांव निवासी परवेज आलम, तबरेज आलम को कश्मीर से लड़की भगाने के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार किया गया है। परवेज व तवरेज दोनों सगे भाई कश्मीर के रामवन में राजमिस्त्री का काम करते थे। वहीं उन्हें सगी बहनों को प्यार हो गया। ये दोनों भाई दोनों बहनों को लेकर रामविशनपुर में अपने घर ले आए। इस बीच, कश्मीर में लड़की के पिता ने पुलिस थाने में बेटियों को भगा ले जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई।


## पहचान की अपील




सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव, आयु लगभग 35/40 वर्ष, कद 5'6'', रंग सांवला, लम्बा चेहरा, मध्यम शरीर, जो सफेद व नीले रंग की लाईनदार शर्ट तथा काले रंग की पैंट पहने हुए दिनांक 22.08.19 को विजया बैंक के सामने, भोरगढ़, नरेला, दिल्ली में मृत पाया गया। इस सन्दर्भ में एक डीडी नं. 14–ए दिनांक 22.08.19 को थाना नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली में दर्ज है।

इस मृत व्यक्ति के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी/ सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थाना : नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली
फोन : 27787592, 27787593

DP/574/ON/19

## गुमशुदा की तलाश



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दर्शाई गई) जिसका नाम **अंजू कुमारी,** पुत्री श्री जय राम प्रसाद, पता मकान नं. I-432, जे.जे. कॉलोनी, शकुरपुर, दिल्ली जो दिनांक 09.08.2019 से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एफ.आई.आर. नं. 273/19, भा.द.सं. की धारा 363 के अन्तर्गत दिनांक 14.08.2019 थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली में दर्ज है। जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:

**उम्र:** 17 साल, **रंग:** सांवला, **कद:** 5'3", **चेहरा:** गोल, **शरीर:** मध्यम, **पहनावा:** जिसने स्लेटी रंग की टी–शर्ट, आसमानी नीले रंग की पैंट और पैरों में चप्पल पहन रखी है।

अगर किसी को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेब साईट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641

थानाध्यक्ष
थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली
फोन नं.: 011-27356336, 27356314

DP/9316/NW/19


## राशिफल 30 अगस्त 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष :** फेंगशुई के अनुसार यदि सीढी सही स्थान पर नहीं होतो परेशानी का कारण बन सकता है। घर के केंद्र में और मुख्य दरवाजे के सीधा सामने सीढी होना बूरा माना जाता है। **शुभ अंक:** 5, **रंग :** लेमन।

**वृषः** सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। कोई मेडीक्लेम पास हो सकता है। कार्यक्षेत्र पर दूसरों से बहस करने से बचें। घर की साफ-सफाई के लिए दिन अच्छा है। **शुभ अंक:** 8, **रंग:** डार्क ग्रे।

**मिथुनः** सेहत को लेकर सतर्क रहें। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। कार्यक्षेत्र पर सभी तारीफ करेंगे। अच्छी प्रॉपर्टी पाने के लिए रियल स्टेट्स मार्केट से संपर्क करें। **शुभ अंक :** 7, **रंग:** गोल्डन ब्राउन।

**कर्कः** अपनी सेहत को लेकर बेवजह शोर मचा सकते हैं। नए कांट्रेक्ट, डील साइन कर सकते हैं। परिवार को लेकर अपने निर्णय खुद लें। शहर से बाहर यात्रा पर जाना पड़ सकता है। **शुभ अंक:** 15, **रंग:** क्रीमसन।

**सिंहः** मौसमी बीमारी की समस्या से जूझ रहे लोगों को राहत मिलेगी। किसी चीज में निवेश किया पैसा वापिस मिलने में समय लग सकता है। समारोह में सबकी नजरें आप पर रहेंगी। **शुभ अंक:** 6, **रंग:** फोरेस्ट ग्रीन।

**कन्याः** फालतू की चीजों पर खर्चा करने से बचें। किसी के खर्चो को चुकाने से दुख पहुंच सकता है। प्रोफेशनल फीस बढ़ा सकते हैं। परिवार के साथ कुछ समय बिताने की कोशिश करें। **शुभ अंक:** 17, **रंग:** सफेद।

**तुलाः** सेहत को लेकर नियमित व्यायाम करते रहें। नए व्यापार से धन लाभ होगा। कार्यक्षेत्र पर अधूरे कामों को पूरा करने की कोशिश करें। परिवारिक सदस्य का विवाह तय होगा। **शुभ अंक:** 2, **रंग :** लाइट ग्रे।

**वृश्चिकः** सेहत के लिए दिन अच्छा रहेगा। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को लाभ होगा। व्यवसाय में नई प्लानिंग करने से लाभ होगा। परिवार के लिए समय निकालना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। **शुभ अंक:** 9, **रंग :** चॉकलेट।

**धनुः** कहीं अच्छी नौकरी मिल सकती है। परिवार का कोई बड़ा आप पर नजर रख सकता है। गाड़ी चलाते समय सतर्क रहें। प्रॉपर्टी से जुड़ी कोई डील हाथ से निकल सकती है। **शुभ अंक :** 3, **रंग:** पीला।

**मकरः** सेहत को लेकर सतर्क रहें। कार्यक्षेत्र पर खुद पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी के साथ चले आ रहे मतभेद दूर होंगे। ऑफिशियल टूर में कुछ कमी आ सकती है। **शुभ अंक :** 22, **रंग:** आसमानी।

**कुंभ :** सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करते रहें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। अपने प्रतिद्वंदियों से सफल होने के लिए मेहनत करें। छुट्टियों पर जाने के लिए अच्छा समय है। **शुभ अंक :** 4, **रंग:** मर्जेंटा।

**मीनः** सेहत के लिए दिन अच्छा रहेगा। खर्च करते समय सतर्क रहें। कार्यक्षेत्र पर कुछ समस्याएं हो सकती हैं। परिवार के लिए किसी समारोह का आयोजन कर सकते हैं। **शुभ अंक :** 11, **रंग :** लाइट ग्रे।

### :टिप्स:

1. घर में कोई ऐसी तस्वीर लगाएं जिसमें यिन-यांग का रंग शामिल हो। यह आपके घर में सामंजस्य और दोस्ताना माहौल बनाकर रखता है।
2. अपनी पढ़ाई के कक्ष के सॉउथ-वेस्ट कोने में क्वाट्र्ज क्रिस्टल रॉक रखें। ये वातावरण से नकारात्मक ऊर्जाओं को बाहर निकालेगा व जमीनी तत्वों में नई ऊर्जा का संचार करके स्टडी एरिया में सकारात्मक प्रभाव लाएगा।
2. घर की दीवार पर आध्यात्मिक और धार्मिक तस्वीर लगाएं।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

## तेवड़ा हत्याकांड में 8 को उम्रकैद फैसले के बाद भिड़े दोनों पक्ष

एजेंसी ⏭ मुजफ्फरनगर

यूपी के मुजफ्फरनगर में तेवड़ा हत्याकांड मामले में कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव तेवड़ा के नसीम हत्याकांड में आठ लोगों को हत्या का दोषी ठहराया गया है। मामले में 8 हत्यारोपियों को कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई। हालांकि कोर्ट में सजा सुनाए जाने के बाद दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए व जमकर हंगामा किया। जिसके बाद चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तेवड़ा हत्याकांड का मामला 26 मई 2010 का है। उस वक्त सपा नेता मेहराजुद्दीन के भाई नसीम की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

- हंगामे के बाद पुलिस ने गिरफ्तार किए चार आरोपी

वह ककरोली थाना-क्षेत्र के तेवड़ा में एक अदालत में सुनवाई के लिए जा रहे थे। मृतक के भाई की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसमें 10 लोगों पर कत्ल में शामिल होने का आरोप लगाया गया था। मेहराजुद्दीन सपा का पूर्व जिला महासचिव हैं। अदालत ने आठ आरोपियों को दोषी ठहराया है जिसमें तीन भाई अरशद, रगीब और रौनक के साथ ही नजीर इम्तियाज़, अफज़ाल, अब्दुल और समद शामिल हैं।

## यूपी: राज्यसभा की दो सीटों पर 23 सितम्बर को होगा उपचुनाव

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नईदिल्ली।





भारतीय चुनाव आयोग ने हाल ही उत्तर प्रदेश में समाजवादी के दो सांसदों के त्यागपत्र के चलते खाली हुई राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। दोनों सीटों पर 23 सितम्बर को सुबह 9 बजे से 4 बजे तक मतदान कराया जाएगा व उसी दिन परिणाम भी घोषित कर दिया जाएगा।

गौरतलब है कि सपा के दो रास सांसदो सुरेंद्र नागर व संजय सेठ के क्रमशः 2 और 5 अगस्त को त्यागपत्र देने के चलते दोनों सीटें खाली हुई थी। बाद में दोनों नेता भाजपा में शामिल हो गए थे। माना जा रहा है कि भाजपा उपचुनावों में इन्हीं दोनों नेताओं को उम्मीदवार बना सकती है। चुनाव आयोग ने अनुसार दोनों सीटों के लिए अधिसूचना 5 सितम्बर को जारी की जाएगी। 12 सितम्बर तक उम्मीदवार नामांकन दाखिल कर सकेंगे। पर्चों की जांच 13 सितम्बर को होगी, 16 सितम्बर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 23 सितम्बर को मतदान होगा, उसी दिन परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे व 25 सितम्बर तक चुनाव की सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएंगी।

- सपा के दो रास सांसदो सुरेंद्र व संजय सेठ के त्यागपत्र देने के चलते खाली हुई थी दोनों सीटें


**BHARAT GEARS LIMITED**
**Regd. Office & Works:** 20 K.M. Mathura Road, P.O. Amar Nagar, Faridabad-121003 (Haryana)
**Tel.:** +91 (129) 4288888, **Fax:** +91 (129) 4288822-23, **Website:** www.bharatgears.com
**E-mail:** info@bglindia.com, **CIN:** L29130HR1971PLC034365

**NOTICE**

Notice is hereby given that the Share Certificates no(s). 37901 bearing distinctive no(s). 3997852-3997901 standing in the name of Sam Import & Export Pvt Ltd has been reported lost/misplaced.

The Company shall proceed to issue duplicate share certificate(s), if no objection is received within 15 days from the date of publication of this notice.

For BHARAT GEARS LIMITED
Sd/-
Prashant Khattry
Head (Legal) & Company Secretary

Place: Faridabad
Dated: 27.08.2019

**बैंक ऑफ बड़ौदा (Bank of Baroda)**
ZOSARB, 13th FLOOR, , BANK OF BARODA BUILDING, 16 SANSAD MARG, NEW DELHI-110001
Tel : 011- 23441320 / 23441321

**POSSESSION NOTICE**
(Appendix IV under the Act-Rule- 8(1)

Whereas, the undersigned being the Authorized Officer of the **Bank of Baroda** under the Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 and in exercise of power conferred under Sec 13(2) read with Rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 issued a Demand Notice dated **12.03.2019** calling upon the Borrower/surety/owner of the property, **M/s. NOIDA SOFTWARE TECHNOLOGY PARK Ltd, M/s. NEHRA KUMBH Pvt. Ltd, M/s. RURE MALL ILLAM CHAND PRIVATE Ltd.** to repay the amount mentioned in the notice being **Rs.10,57,40,753/-/- (Rupees Ten Crore Fifty Seven Lakh Forty Thousand Seven Hundred Fifty Three only)** as on **29.02.2016** together with further interest thereon at the contractual rate plus costs, charges and expenses till date of payment with in 60 days from the date of the said notice.

The Borrower/surety/owner of the property having to failed to repay the amount, notice is hereby given to borrower/surety/owner of the property and the public in general that the undersigned has taken possession of the property described herein below in exercise of powers conferred on him/her under sub-section (4) of section 13 of the Act read with Rule 8 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 on this the 26th day of Aug 2019.

**The Borrower's attention is invited to provision of sub-section (8) of section 13 of the Act, in respect of time available, to redeem the secured assets.**

The Borrower/surety/owner of the property in particular and the public in general are hereby cautioned not to deal with the property and any dealings with the property will be subject to the charge of the **Bank of Baroda, ARMB Branch, Bank of Baroda Building, 13th Floor, 16 Sansad Marg, New Delhi-110001** for an amount of **Rs.10,57,40,753/-** and interest thereon, cost etc.

**Description of the Immovable Property:**

2. Industrial Property at Plot No. B-69 Sector-57, Noida Uttar Pradesh in the name of RURE MALL ILLAM CHAND PRIVATE Ltd, Proprieter of Subhag Vedio Corporation

**Bounded as :**
**North :** Plot No. 70 — **South :** Plot No. 68
**East :** Others Property — **West :** Road

**Date:** 26-08-2019
**Place :** New Delhi

Authorized Officer
Bank of Baroda


## घटनाओं में पिस रहे हैं बेकसूर लोगः डीजीपी ओपी सिंह

# बच्चा चोरी की अफवाह फैलाई तो जेल

एजेंसी ⏭ लखनऊ



- रासुका के तहत हुई कार्रवाई में आरोपी एक साल तक जेल से नहीं आ पाएगा बाहर

सूबे की सियासत, यूपी पुलिस में भूचाल लाने वाले कथित बच्चा चोरी पिटाई कांड जैसी घटनाओं में शामिल पाए जाने वालों की अब खैर नहीं होगी।

समाज में भय फैलाने वाली ऐसी बे-सिर-पैर की घटनाओं को बढ़ावा देने, अंजाम देने वालों को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया जाएगा जिससे आरोपी कम से कम एक साल तक तो जेल से बाहर न आ सके। इन तमाम घटनाओं पर सूबे के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओम प्रकाश सिंह ने यह जानकारी दी। ऐसी घटनाओं ने कानून-व्यवस्था के लिए जो परेशानी पैदा की है, वो तो है ही, ऐसे लोग समाज में भी बे-वजह भय फैला रहे हैं। साथ ही इन घटनाओं में देखने में आ रहा है कि बेकसूर लोग ही पिस रहे हैं। बेकसूरों को पीटे जाने के पीछे किसी सोची समझी साजिश की संभावना से इंकार करते हुए कहा कि नहीं यह कोई साजिश नहीं। यह महज एक गलत के पीछे-पीछे बाकी सौ के भी चल देने जैसा है। घटनाओं में अब तक यही देखा गया है कि ये घटनाएं अमूमन किसी भी शहर की नई बसी बस्तियों-कॉलोनियों में ही हो रही हैं।

### सोशल मीडिया पर भी रहेगी सख्ती

पुलिस महानिदेशक ने आगे कहा कि जो लोग घटना में शामिल पाए जाएंगे उन पर तो रासुका लगेगी ही, साथ ही जो इन अफवाहों को सोशल मीडिया पर वायरल करके माहौल खराब करने की कोशिश करेंगे, उनसे भी घटना में शामिल अपराधियों की तरह ही सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 20 घटनाओं में अब तक करीब 45 आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

बता दें कि यूपी में ही अलग-अलग स्थानों पर हुई करीब ऐसी 20 से ज्यादा घटनाओं में अब तक 45 से ज्यादा आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। एटा में भीड़ ने बच्चा चोरी के शक में हिमाचल प्रदेश की महिला पर हमला कर दिया था। बीते 11 अगस्त को गोंडा में तो अराजक तत्वों ने हद ही पार कर दी, बच्चा चोरी के शक में महिला को पेड़ से बांधकर बुरी तरह पीटा गया। अमरोहा में भी एक ऐसी ही घटना घटी. जौनपुर में तो गांव वालों ने मानसिक रुप से कमजोर महिला को ही पीट दिया और पिटाई का वीडियो भी वायरल कर दिया।